Patrika (Indore), 29th May 2023, Page - 04

प्रबंधन ने किया आयुर्वेदिक कॉलेज का दौरा

# आइआइटी में आयुर्वेदिक पद्धति से भी होगा इलाज

**पत्रिका@इंदौर.** आइआइटी में अब आयुर्वेदिक पद्धति से भी इलाज शुरू किया जाएगा। अभी तक केवल एलोपैथी इलाज की ही सुविधा थी। पिछले दिनों संस्थान के चीफ मेडिकल ऑफिसर और रजिस्ट्रार ने अष्टांग आयुर्वेद कॉलेज का दौरा किया था। कॉलेज के डॉक्टरों से सेवा देने और शिविर लगाने की बात कही गई है।

आइआइटी में स्टूडेंट, स्टाफ, कर्मचारी-अधिकारियों के इलाज के लिए अस्पताल संचालित होता है। पिछले दिनों आइआइटी के रजिस्ट्रार शिवप्रसाद होता और चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. शिल्पा राउत ने अष्टांग आयुर्वेद कॉलेज के विभागों और यूनिट का निरीक्षण किया था। उन्होंने पंचकर्म, शल्य विभाग, योगा यूनिट, फिजियोथैरेपी, बालरोग विभाग, काय चिकित्सा विभाग, आंख, नाक, गला रोग विभाग को देखा। प्राचार्य डॉ. अजीत पाल सिंह चौहान ने उन्हें आयुर्वेदिक चिकित्सा की जानकारी दी। इस दौरान डॉ. एसके नायक, डॉ. विमल अरोड़ा, डॉ. प्रदीप चौहान ने कॉलेज में सुविधाएं बताई। डॉ. अखिलेश भार्गव ने बताया कि आइआइटी प्रबंधन चाहता है कि आयुर्वेद के शिविर लगे और अष्टांग के डॉक्टर वहां समय-समय पर सेवाएं दें।